सांसद दीपेन्द्र हुड्डा करेंगे विशाल चिकित्सा शिविर का उदघाटन

विधायक विनोद शर्मा भी रहेंगे विशाल चिकित्सा शिविर में मौजूद, अंबाला हैल्थ केयर एंड वेल्फेयर सोसायटी द्वारा लगाया जा रहा है दो दिवसीय शिविर

पारस शर्मा

रोहतक के सांसद दीपेन्द्र हुड्डा 25 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे पंचायत भवन अम्बाला शहर में अम्बाला हैल्थ केयर एंड वेल्फेयर सोसायटी द्वारा लगाए जाने वाले विशाल चिकित्सा शिविर का उदघाटन करेंगे तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं अम्बाला शहर के विधायक विनोद शर्मा इस मौके पर विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। यह जानकारी देते हुए हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं सोसायटी की मुख्य संरक्षक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा ने बताया कि सोसायटी द्वारा 25 व 26 दिसम्बर को पंचायत भवन अम्बाला शहर में विशाल निशुल्क हृदय एवं दिमाग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में विश्व प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डा0 नरेश त्रेहन व उनके साथी चिकित्सकों की टीम मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करेगी। इस शिविर के लिए 22 दिसम्बर से पंचायत भवन में पंजीकरण किया

जा रहा है और अब तक अम्बाला शहर, छावनी तथा ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 600 महिला, पुरूषों द्वारा पंजीकरण करवाया जा चुका है। आयोजकों के अनुसार इस शिविर के प्रति लोगों का रिस्पोंस उम्मीद से कहीं अधिक देखने को मिल रहा है तथा लोगों के रूझान को देखते हुए सोसायटी द्वारा शीघ्र ही अम्बाला छावनी अथवा किसी नजदीकी स्थान पर एक अन्य विशाल शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ हृदय और दिमाग के सभी टैस्ट भी निशुल्क किए जाएंगे। सोसायटी के वरिष्ठ पदाधिकारी एस.डी. गौतम ने बताया कि यह शिविर 25 और 26 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से सांय 4 बजे तक पंचायत भवन में आयोजित किया जाएगा। शिविर में हृदय की पूर्ण जांच के साथ-साथ इ.सी.जी., इको, ब्लड शूगर, फेफड़ों की क्षमता सहित खून से सम्बन्धित सभी टैस्ट मुफ्त किए जाएंगे और आवश्यक दवाईयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी।